जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/2017/1059 **दिनांक : 20.08.2017**

प्रति,

आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातक पंचम सेमेस्टर में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में ए0टी0के0टी0 प्राप्त छात्र/छात्राओं की विशेष परीक्षा मई/जून-2017 हेतु आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न कराने बावत् निर्देश।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्वद्व समस्त शासकीय/अशाकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राऐं जिनको आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थिति/अनुत्तीर्ण होने के कारण पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में ए0टी0के0टी प्राप्त है। ऐसे छात्र/छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पादित कराकर **आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनांक 28.08.2017 तक गोपनीय विभाग में जमा करावें।**

आप यह भी सुनिश्चित करें कि आपके महाविद्यालय में ऐसे छात्र/छात्राएं जिनकी प्रायोगिक परीक्षा में ए.टी.के.टी. आई थी उनके प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित किए गए हैं या नहीं यदि प्रायोगिक परीक्षा नहीं हुयी है तो आप अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालयों में ऐसे परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित करावें।

निर्धारित अवधि में अंक जमा नहीं करने पर **स्थायी समिति के निर्णयानुसार "यदि महाविद्यालय अंक जमा करने में विलम्ब करता है तो, अंतिम तिथि के 10 दिवस उपरान्त तक विलम्ब शुल्क रू. 25000/- के साथ अंक स्वीकार किए जावेंगे एवं यदि महाविद्यालय से 10 दिवस के पश्चात् भी अंक प्राप्त नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में संबंधित महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त किए जाने की कार्यवाही की जावेगी।"** जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपके महाविद्यालय का होगा।

उक्त संबध में आपेक्षा है कि, परीक्षा जैसे अत्यावशक कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा परीक्षा कार्य को समयावधि में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)